भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. 215*

(09 मार्च, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए)

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत दूरस्थ और सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण

***215. श्री किशन कपूर:**

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत देश के उत्तरी राज्यों के दूरस्थ तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में कुल कितने किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया गया है; और

(ख) दिसंबर, 2020 तक इस संबंध में जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पंजाब का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास मंत्री

(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) और (ख): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

लोक सभा में दिनांक 09.03.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 215 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख): प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत कुल 37,451 कि.मी. लंबी सड़कें स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से उत्तर भारतीय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के दूरदराज और सीमावर्ती क्षेत्रों में 31,660 कि.मी. लंबी सड़कों का निर्माण कार्य संपन्न कर दिया गया है। जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा पंजाब सहित इन सड़कों का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

अनुबंध-I

उत्तर भारतीय राज्यों के दूर-दराज और सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वीकृत और निर्मित सड़कों की लंबाई का ब्यौरा (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत शुरूआत से दिसम्बर, 2020 तक)

क्र.सं.	राज्य/सं.रा. क्षेत्र	जिले का नाम	स्वीकृत सड़क कार्यों की सं.	स्वीकृत सड़क कार्यों की लंबाई (कि.मी.)	निर्मित सड़क कार्यों की सं.	निर्मित सड़क कार्यों की लंबाई (कि.मी.)
1	जम्मू और कश्मीर	बारामूला	214	959.87	121	695.63
2	जम्मू और कश्मीर	जम्मू	149	728.44	106	550.27
3	जम्मू और कश्मीर	कुपवाड़ा	182	841.18	133	697.36
4	जम्मू और कश्मीर	पूंछ	165	877.55	119	694.19
5	जम्मू और कश्मीर	राजौरी	290	1,986.76	199	1,517.69
6	जम्मू और कश्मीर	उधमपुर	405	3,092.50	200	1,858.29
7	हिमाचल प्रदेश	किन्नौर	62	537.35	36	347.36
8	हिमाचल प्रदेश	लाहौल और स्पीति	29	318.55	26	283.92
9	लद्दाख	लेह	45	535.76	27	277.36
10	लद्दाख	कारगिल	97	671.69	74	502.84
11	राजस्थान	बाड़मेर	1,515	7,476.75	1,488	7,025.48
12	राजस्थान	बीकानेर	521	3,307.45	506	3,019.64
13	राजस्थान	जैसलमेर	297	2,200.41	281	2,003.43
14	राजस्थान	श्री गंगानगर	168	1,083.42	160	966.14
15	उत्तर प्रदेश	बलरामपुर	211	717.45	211	707.51
16	उत्तर प्रदेश	गोरखपुर	331	1,022.42	331	1,009.58
17	उत्तर प्रदेश	लखीमपुर-खीरी	355	1,035.51	355	1,006.97
18	उत्तर प्रदेश	महाराजगंज	243	831.05	243	821.84
19	उत्तर प्रदेश	पीलीभीत	212	730.73	212	715.87
20	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	172	574.47	172	563.14
21	उत्तर प्रदेश	सिद्धार्थनगर	287	925.09	286	905.86
22	उत्तराखंड	चमोली	224	2,290.66	115	1,805.96
23	उत्तराखंड	चम्पावत	120	1,069.97	71	805.05
24	उत्तराखंड	पिथोरागढ़	233	2,146.72	112	1,400.29
25	पंजाब	फिरोजपुर	54	458.41	54	458.14
26	पंजाब	गुरदासपुर	124	432.41	124	422.98
27	पंजाब	पठानकोट	25	109.04	25	108.63
28	पंजाब	तरनतारन	77	489.25	77	488.85
		कुल	**6,807**	**37,450.81**	**5,864**	**31,660.28**